अनुस्मारक/अति महत्वपूर्ण

सं.ई-25013/2/2016-हिन्दी/176

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

906(द.) सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
दिनांक: 26 अगस्त, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय : सरकारी कामकाज मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए टिप्पण/आलेखन नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2019-2020 के दौरान हिंदी में किए गए कार्य का विवरण मंगवाने के संबंध में योजना।

उपर्युक्त विषय पर कृपया हिंदी अनुभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 27 मई, 2020 (प्रति संलग्न) का संदर्भ लें जिसमें इस योजना में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अपना नामांकन दिनांक 15 जुलाई 2020 तक भिजवाने का अनुरोध किया गया था परंतु अभी तक नामांकन प्राप्त नहीं हुए हैं।

अत: जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्ष 2019-20 की टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता में भाग लिया है, वे अपने द्वारा हिंदी में किए गए काम का ब्यौरा, अपने नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित करवाकर संलग्न प्रपत्र में भरकर **दिनांक 28 जुलाई, 2020 तक हिंदी अनुभाग को अवश्य भिजवा दें। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

कृते 26/8/2020

उप निदेशक (रा.भा.)
बीपीएल: 3720

**सेवा में,**

1. सभी समन्वय/निदेशालय/अनुभाग, के.ज.आ.(मुख्यालय), नई दिल्ली।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
2. सदस्य (अभिकल्प एवं अनुसंधान, जल आयोजना एवं परियोजना तथा नदी प्रबंध), के.ज.आ.।
3. संयुक्त सचिव, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
4. मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
5. सचिव, केन्द्रीय जल आयोग।

Scanned with CamScanner

**प्रपत्र**

सरकारी कामकाज में हिन्दी किए गए कार्य का ब्यौरा (दिनांक 01.04.2019 से 31.03.2020 तक)

| क्र.सं. | दिनांक | कुल फाइलों/रजिस्टरों आदि की संख्या जिसमें हिन्दी में काम किया है। | हिन्दी में लिखे गए टिप्पण/आलेखन की संख्या | शब्दों की संख्या | उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर (सप्ताह में एक बार) |
|---|---|---|---|---|---|

हस्ताक्षर :

Scanned with CamScanner

/अति महत्वपूर्ण

सं.ई-25013/2/2016-हिन्दी/ 95(24)

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

906(द.) सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
दिनांकः 27 मई, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय : सरकारी कामकाज मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए टिप्पण/आलेखन नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2019-2020 के दौरान हिंदी में किए गए कार्य का विवरण मंगवाने के संबंध में।।

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि संघ की राजभाषा नीति एवं सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोग, (मुख्यालय) में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (एमटीएस को छोड़कर) के लिए राजभाषा विभाग की टिप्पण- आलेखन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के दौरान सर्वाधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। उपर्युक्त योजना का विवरण इस प्रकार हैः-

1. पात्रता : वे सभी अधिकारी/कर्मचारी जो वर्ष के दौरान 20,000 शब्द मूल रूप से हिन्दी में लिखते हैं, इस योजना में भाग ले सकते हैं ।

2. पुरस्कार :
   - प्रथम पुरस्कार : (2) 5000/-रूपए
   - द्वितीय पुरस्कार : (3) 3000/-रूपए
   - तृतीय पुरस्कार : (5) 2000/-रूपए

3. विशेष : हिन्दीतर भाषी प्रतियोगियों को अर्थात जिनकी मातृभाषा तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगला, उड़िया और असमी है, उन्हें 20 प्रतिशत अंकों का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा ।

4. अवधि : वित्तीय वर्ष, 01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक

अतैव, जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्ष 2019-2020 की टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता में भाग लिया है, वे अपने द्वारा हिंदी में किए गए काम का ब्यौरा, अपने नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित करवाकर संलग्न प्रपत्र में भरकर **15 जुलाई, 2020** तक हिंदी अनुभाग को अवश्य भिजवा दें।

Scanned with CamScanner

**नोट:** सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने कार्य का ब्यौरा देते समय प्रत्येक फाइल का नम्बर और उसमें लिखे गए शब्दों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अवश्य करें। पुरस्कार निर्धारण हेतु उनके कार्यों की जांच उच्च अधिकारियों की एक समिति द्वारा की जाएगी।

कांते [illegible]

उप निदेशक (रा.भा.)
बीपीएलः 3720

**सेवा में,**

1. सभी समन्वय/निदेशालय/अनुभाग, के.ज.आ.(मुख्यालय), नई दिल्ली।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
2. सदस्य (अभिकल्प एवं अनुसंधान, जल आयोजना एवं परियोजना तथा नदी प्रबंध), के.ज.आ.।
3. संयुक्त सचिव, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
4. मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव ।
5. सचिव, केन्द्रीय जल आयोग।

Scanned with CamScanner